बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

पत्रांक : योoस्था04 / 1–14 / 2023 / योoविo,पटना,दिनांक अप्रैल, 2026

प्रेषक,

रविश किशोर,
सरकार के संयुक्त सचिव

सेवा में,

ई–मेल

अपर सचिव, बिहार राज्य योजना पर्षद, पटना
मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन, पटना
सभी क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, बिहार
सभी जिला योजना पदाधिकारी, बिहार

विषय : **विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु विभागीय अनापत्ति प्राप्त करने के संबध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–22218 दिनांक–12.12.2022 में बिहार सरकार के सरकारी सेवकों को प्रतियोगिता परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए अवसरों की सीमा के संबंध में प्रावधान अंकित है जिसके आलोक में विभागीय पत्र संख्या–787 दिनांक–10.02.2026 द्वारा दिशानिर्देश निर्गत किया गया था। परंतु उपलब्ध कराए जा रहे आवेदन में उक्त दिशानिर्देश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। साथ ही विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए अंतिम समय में या आवेदन Submit करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के पश्चात आवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जा रहा है।

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि पदाधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा विषयांकित मामले के संबंध में दिए गए आवेदन को **विभागीय पत्र संख्या–787 दिनांक–10.02.2026 के आलोक में अंकित दिशानिर्देश का अनुपालन कर आवेदन Submit करने की अंतिम तिथि के 10 कार्य दिवस के पूर्व विभाग को उपलब्ध कराया जाय** ताकि ससमय अग्रेतर कार्रवाई की जा सके अन्यथा अग्रेतर निर्णय हेतु विभाग स्वतंत्र होगा।

विश्वासभाजन

ह0 / –
(रविश किशोर)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : योoस्था04 / 1–14 / 2023 / योoविo,पटना,दिनांक अप्रैल, 2026

प्रतिलिपि – बिहार योजना सेवा एवं बिहार अवर योजना संवर्ग के सभी पदाधिकारियों / कर्मचारियों को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : योoस्था04 / 1–14 / 2023 1844 / योoविo,पटना,दिनांक 13अप्रैल, 2026

प्रतिलिपि – आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.4.26
सरकार के संयुक्त सचिव